**जनपद - संतकबीरनगर** **प्रेस विज्ञप्ति** **दिनॉक 03.03.2023**

आज दिनांक 03.03.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर **श्री अखिल कुमार** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती **श्री आर0के0 भारद्वाज** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **श्री सत्यजीत गुप्ता** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले मे वाँछित बाल अपचारी गिरफ्तार

जनपद में **मिशन शक्ति अभियान** के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु **पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सत्यजीत कुमार** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद **श्री अंशुमान मिश्र** के निकट पर्यवेक्षण में **प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा श्री अनिल दूबे के नेतृत्व में थाना दुधारा पुलिस द्वारा** मु0अ0सं0 59/2023 धारा 363 / 366 / 376 भा0द0वि0 व 5/6 पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित बाल अपचारी नाम पता रामनरेश पुत्र शारदा चौहान निवासी जिगिना थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि उक्त बाल अपचारी द्वारा दिनांक 23.02.2023 को वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसके संबंध मे वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना दुधारा पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए उक्त आरोपी बाल अपचारी को आज दिनांक 03.03.2023 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-** उ0नि0 श्री उदयभान मिश्र, का0 अवनीश कुमार, म0का0 राजमणि सिंह।

## फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान 02 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **श्री सत्यजीत गुप्ता** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, विवरण निम्नवत है:-

**थाना महुली पुलिस** द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता 1- सोमन 2- धर्मेन्द्र पुत्रगण स्व0 गोला निवासी शनिचरा बाबू थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण:-** उ0नि0 रमेश कुमार यादव, का0 लालचन्द प्रसाद।

## पीआरवी आफ द डे

**पीआरवी 3301 द्वारा विवाद /मारपीट को कराया गया शान्त व मारपीट में घायल 02 लोगों को पहुंचाया गया अस्पताल–** पीआरवी 3301 को थाना को0 खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत मगहर से इवेन्ट संख्या 15489 से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट / विवाद होने से 02 लोगों 1- उमैरा खातून पत्नी मो0 अहमद अंसारी 2- मो0 समर अहमद पुत्र मो0 अहमद अंसारी निवासी कोतवाली खलीलाबाद जनपद सन्तकबीरनगर के घायल होने के संबंध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर 03 मिनट में पहुंचकर विवाद को शान्त कराकार मारपीट घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना को0 खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर मारपीट में घायल लोगों को अस्पताल भेजवाकर उनकी जान बचाई गई, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

**पीआरवी स्टाफ** –आ0 रोहित मौर्य, हो0चा0 अयोध्या प्रसाद।

## मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 42 वाहनो से 31,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 03.03.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 42 वाहनों से 31,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।